बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति सं0—PR............./2024

प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी०एल०एड०) पाठ्यक्रम के सत्र 2024—2026 में नामांकन हेतु डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 के लिए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अवधि विस्तारित किये जाने के संबंध में आवश्यक सूचना।

समिति की विज्ञप्ति संख्या PR-46/2024 के माध्यम से राज्य के डी०एल०एड० संस्थानों में सत्र 2024—2026 में नामांकन के लिए प्रस्तावित डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन आवेदन भरे जाने की अवधि दिनांक 15.02.2024 तक निर्धारित की गई थी।

2. छात्र हित में उक्त परीक्षा हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरे जाने की अवधि दिनांक **18.02.2024** तक एवं शुल्क जमा करने की अवधि दिनांक **19.02.2024** तक विस्तारित की जाती है।

समिति की विज्ञप्ति संख्या PR- 46/2024 की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

15/2/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

15/2/24

ज्ञापांक : टी0टी0प्रे0 ...72.../2024 पटना, दिनांक ...15.../...02.../2024

प्रतिलिपि : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार—पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. उप निदेशक, आई०टी० (ओ०एफ०एस०एस०), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाए तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए।
3. M/s Kids International Services Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में शाखा प्रबंधक Axis Bank Limited, Patliputra colony, Patna शाखा एवं Punjab National Bank, Boring Road, Patna शाखा को परीक्षा आवेदन शुल्क की राशि समिति की खाता संख्या में जमा करने हेतु आवश्यक निदेश देने का कष्ट किया जाए।
5. सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
6. निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
7. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

15/2/24

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

15/2/24